# कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

## प्रेस नोट

**दिनांक- 29.06.2025**

**विषय:- थाना लोहता पुलिस टीम द्वारा मोबाईल चोरी करने के मामले में वांछित कुल 02 नफर अभियुक्तगण को गिरफ्तार किया, कब्जे से चोरी की गई 02 अदद मोबाईल बरामद।**

श्रीमान् पुलिस आयुक्त वाराणसी के चोरी/लूट/नकबजनी की घटनाओ के सफल अनावरण एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान् पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन में, श्रीमान् अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के पर्यवेक्षण में एवं श्रीमान् सहायक पुलिस आयुक्त रोहनिया के नेतृत्व में थाना लोहता पुलिस टीम द्वारा **"ऑपरेशन चक्रव्यूह"** के तहत मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0- 178/2025 धारा-305ए, 331(4),317(2) से संबंधित वांछित अभियुक्तगण **1.**जावेद पुत्र मु0 सलीम निवासी कन्हईसराय हरपालपुर थाना लोहता कमिश्नरेट वाराणसी व **2.**साहिल पुत्र दिलदार निवासी कन्हईसराय हरपालपुर थाना लोहता कमिश्नरेट वाराणसी को आज दिनांक 29.06.2025 को समय करीब 10.17 बजे नरैचा मोती फैक्टरी के पास लोहता वाराणसी से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से चोरी की सभी 02 अदद मोबाईल बरामद हुआ। उक्त गिरफ्तारी/बरामदगी के आधार पर थाना लोहता पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**घटना का विवरण-**

दिनांक 28.06.2025 को वादिनी मुकदमा ने घर में अज्ञात व्यक्तियों द्वारा 02 अदद मोबाईल चोरी कर लेने के सम्बन्ध में लिखित प्रार्थना पत्र दिया, जिसके आधार पर थाना लोहता में मु0अ0सं0-178/2025 धारा-305ए, 331(4),317(2) बीएनएस अभियोग पंजीकृत किया गया। जिसकी विवेचना उ0नि0 ऋतुराज मिश्रा द्वारा सम्पादित की जा रही है।

**विवरण पूछताछ-**

अभियुक्तगण ने पूछताछ करने पर बताया कि हम दोनो लोग ने भोर में बड़ी मस्जिद के पास स्थित घर में घुसकर चोरी किये थे जिसे आज हम दोनों लोग बेचने ले जा रहे थे और उन्हें बेचकर रूपयों को आपस में बाँट लेते कि पुलिस द्वारा हमलोगों को पकड़ लिया गया।

**गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण-**

1. जावेद पुत्र मु0 सलीम निवासी कन्हईसराय हरपालपुर थाना लोहता कमिश्नरेट वाराणसी, उम्र करीब 19 वर्ष।
2. साहिल पुत्र दिलदार निवासी कन्हईसराय हरपालपुर थाना लोहता कमिश्नरेट वाराणसी, उम्र करीब 20 वर्ष।

**गिरफ्तारी का स्थान, दिनांक व समय-**

नरैचा मोती फैक्टरी के पास लोहता वाराणसी से, दिनांक 29.06.2025 को समय करीब 10.17 बजे।

**बरामदगी का विवरण-**

कब्जे से चोरी की कुल 02 अदद मोबाईल 1. SAMSUNG Galaxy Z Flip 6 पिच कलर (IMEI-355951710364220, 356402630364220) 2. One Plus Open मैटी काला कलर (IMEI-868147061280996,868147061280988) बरामद।

**आपराधिक इतिहास-**

1- मु0अ0सं0- 178/2025 धारा -305ए, 331(4),317(2) बीएनएस थाना लोहता कमिश्नरेट वाराणसी।

**गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-**

1.थानाध्यक्ष निकिता सिंह थाना लोहता कमिश्नरेट वाराणसी।
2.उ0नि0 ऋतुराज मिश्रा थाना लोहता कमिश्नरेट वाराणसी।
3.उ0नि0 रवि गोंड थाना लोहता कमिश्नरेट वाराणसी।
4.उ0नि0 अजय राय थाना लोहता कमिश्नरेट वाराणसी
5.हे0का0 सत्यप्रकाश सिंह थाना लोहता कमिश्नरेट वाराणसी।
6.हे0का0 मोहन कुमार थाना लोहता कमिश्नरेट वाराणसी।
7.हे0का0 प्रवीण सिंह थाना लोहता कमिश्नरेट वाराणसी।
8.का0 अजीत कुमार थाना लोहता कमिश्नरेट वाराणसी।




**सोशल मीडिया सेल**
**पुलिस उपायुक्त**
**वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी।**